Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In April 2016

# डॉ. अनिल पुंडीर बने गुजवि के कुलसचिव

■ विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि डॉ. पुंडीर एक अच्छे प्रशासक के साथ-साथ एक अच्छे शिक्षक भी हैं

आज समाज नेटवर्क

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव के रूप में डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. पुंडीर विश्वविद्यालय के 14वें कुलसचिव होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार भी उपस्थित रहे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि डॉ. पुंडीर एक अच्छे प्रशासक के साथ-साथ एक अच्छे शिक्षक भी हैं। उनके अनुभव का विश्वविद्यालय को काफी फायदा होगा। उन्होंने डॉ. पुंडीर का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में शानदार कार्य कल्चर है, सभी एक परिवार की तरह रहते हैं तथा एक टीम के रूप में कार्य करके विश्वविद्यालय को निरंतर बेहतरी की तरफ ले जा रहे हैं। डॉ. पुंडीर ने पद ग्रहण करने के बाद कहा कि वे कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के स्तर को और अधिक ऊंचा उठाने में अपना हर संभव सकारात्मक योगदान देंगे।

प्रशासनिक व शैक्षणिक वातावरण को अधिक बेहतर बनाने के लिए कार्य करेंगे तथा विद्यार्थियों की प्लेसमैंट के कार्य को तेज करने के लिए भी अपना योगदान देंगे। उन्होंने कमेटी हॉल में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों व कर्मचारियों से मुलाकात भी की तथा विश्वविद्यालय के लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया व सहयोग की अपील की।



गुजवि के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर को मिठाई खिलाते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। आज समाज

## कौन है डॉ. पुंडीर, क्या हैं उपलब्धियां

डॉ. अनिल कुमार पुंडीर मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में ऐसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। 28 वर्ष से भी अधिक का शिक्षक के रूप में अनुभव रखने वाले डॉ. पुंडीर एक अच्छे प्रशासक व सकारात्मक व्यक्तित्व के धनी के रूप में पहचान रखते हैं। उनके कई शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें बैंकाक व जयपुर में बेस्ट रिसर्च पेपर प्रस्तुतिकरण सम्मान मिल चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ में नेशनल वॉलंटियरी रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. पुंडीर इंडियन नेशनल साईंस कांग्रेस के सदस्य, सोसाईटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च डिवेल्पमैंट के वाइस प्रेजिडेंट, स्टेट इलैक्ट्रॉनिक्स टीचर्स ऐसोसिएशन के सदस्य के अतिरिक्त न्यूक्लीयर सोसायटी ऑफ इंडिया के आजीवन सदस्य भी हैं। डॉ. पुंडीर शैक्षणिक कार्यों से बैंकाक, यूएस, कनाडा, इंडोनेशिया तथा थाईलैंड देशों की यात्रा भी कर चुके हैं।

आज समाज - 1/4/16

# गुजवि के 14वें कुलसचिव पुंडीर ने संभाला कार्यभार



*पदभार संभालते डा. अनिल कुमार पुंडीर।*

हिसार, 31 मार्च (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कार्यभार संभाल लिया है। डा. पुंडीर विवि के 14वें कुलसचिव होंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार भी मौजूद रहे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि डा. पुंडीर कुशल प्रशासक के साथ एक अच्छे शिक्षक भी हैं। उनके अनुभव का विश्वविद्यालय को काफी फायदा होगा। पद ग्रहण करने के बाद डा. पुंडीर ने कहा कि वे कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के स्तर को और अधिक ऊंचा उठाने में अपना योगदान देंगे। डा. अनिल कुमार पुंडीर मुकंदलाल नैशनल कॉलेज यमुनानगर में इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग में एसोसिएट प्रोफैसर के रूप में कार्यरत थे। 28 वर्ष से भी अधिक का शिक्षक के रूप में अनुभव रखने वाले डा. पुंडीर के कई शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें बैंकाक व जयपुर में बैस्ट रिसर्च पेपर प्रस्तुतिकरण सम्मान मिल चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ में नैशनल वॉलंटरी रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए भी सम्मानित किया जा चुका है। डा. पुंडीर इंडियन नैशनल साइंस कांग्रेस के सदस्य, सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च डिवैल्पमैंट के वाइस प्रेजिडैंट, स्टेट इलैक्ट्रॉनिक्स टीचर्स ऐसोसिएशन के सदस्य के अतिरिक्त न्यूक्लियर सोसाइटी ऑफ इंडिया के आजीवन सदस्य भी हैं।

पंजाब केसरी हिसार - 1/4/16

# गुजवि की विशन देवी सेवानिवृत्त



*विशनदेवी को सम्मानित करते प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

हिसार, 31 मार्च (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में लाइब्रेरी एटैंडैंट-कम-रीस्टोरर के पद पर कार्यरत विशन देवी की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर वीरवार को कुलपति कार्यालय के कमेटी रूम में समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने इस अवसर पर विशनदेवी द्वारा विश्वविद्यालय को दी गई सेवाओं की प्रशंसा की। कार्यकारी परिषद के सदस्य प्रो. के.सी. अरोड़ा भी उपस्थित रहे। विशन देवी को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व विशनदेवी के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी हिसार - 1/4/16

# डॉ. पुंडीर बने गुजवि के कुलसचिव

**हिसार (छप्र):** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव के रूप में डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. पुंडीर विश्वविद्यालय के 14वें कुलसचिव होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार भी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून - 1/4/16

# जीजेयू : प्रो. नरसी राम बिश्नोई डीन ऑफ कॉलेज नियुक्त

## प्रो. नरसीराम को डॉ. धर्मेंद्र के स्थान पर सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

भास्कर न्यूज | हिसार

बेस्ट साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित जीजेयू के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिक विभाग के प्रो. नरसी राम बिश्नोई को डीन ऑफ कॉलेज का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा की कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में जीजेयू से संबन्धित सभी कॉलेजों में अब आइ क्यू एसी सेल की स्थापना के प्रयास किए जाएंगे, जिससे की कॉलेजों की गुणवत्ता मे सुधार होगा, तथा जीजेयू से संबन्धित सभी कॉलेजों की नेशनल एकेडमिक एक्रीडेशन काउंसिल (नैक) से मूल्यांकन करवाने के प्रयास भी किए जाएंगे।



प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अब तक अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन तथा सेमिनार (अमेरिका, स्पेन तथा अन्य कई देशों) में प्रस्तुत किए हैं। हाल ही में प्रो. नरसी राम बिश्नोई को पर्यावरण विज्ञान व अभियांत्रिकी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी (नेसा) ने बेस्ट साइंटिस्ट अवार्ड-2015 से सम्मानित किया है। प्रो. नरसीराम को डॉ. धर्मेंद्र के स्थान पर अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

दैनिक भास्कर-2/5/16

# गुरु जंभेश्वर महाराज की वाणी का अंग्रेजी में हुआ अनुवाद

भास्कर न्यूज | हिसार

पर्यावरण को बचाने के लिए जहां दुनियाभर में मुहिम चल रही है। वहीं पर्यावरण प्रेमी गुरु जंभेश्वर महाराज की वाणी का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है, ताकि विदेशी भी उनकी वाणी से सरल शब्दों में परिचित होकर पर्यावरण बचाने की मुहिम में अपना योगदान दे सकें। भारतीय मूल के एक इंजीनियर ने अमेरिका में जंभेश्वर वाणी का अंग्रेजी में अनुवाद किया है। अब इस अनुवाद के पत्रों को जीजेयू के धार्मिक अध्ययन केंद्र में लाने की तैयारी की जा रही है, ताकि धर्मशास्त्री इसको पढ़कर उचित शब्दों के चयन का आंकलन कर सकें और उसे एक पुस्तक का रूप दिया जा सके। यह जानकारी देते हुए जीजेयू के धार्मिक अध्ययन संस्थान के डॉ. किशनाराम बिश्नोई ने बताया कि न्यूयार्क में रहने वाले एक केमिकल इंजीनियर पृथ्वीराज ने उनके संस्थान से संपर्क साधा है और बताया कि उन्होंने अंग्रेजी में गुरु जंभेश्वर वाणी का अनुवाद किया है। उन्होंने कहा कि वे उस व्यक्ति से कुछ वर्ष पूर्व मिले थे। पृथ्वीराज राजस्थान के बिकानेर जिले के गांव ज्ञानवति के रहने वाले हैं। वर्तमान में इंजीनियरिंग छोड़कर गुरुवाणी के अंग्रेजी अनुवाद में लगे हुए हैं।

दैनिक भास्कर - 5/5/1

## मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने जारी की शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग

# देश में 24वें और प्रदेश में टॉप पर जीजेयू, दूसरे पर एमडीयू

**एनआईआरएफ के तहत हुई रैंकिंग में टॉप 100 लिस्ट में प्रदेश के पांच संस्थान**

**पीजीआई भी 52.47 अंकों के साथ देश में 79वें स्थान पर**

रोहतक(ब्यूरो)। हिसार की जीजेयू, रोहतक की एमडीयू और सोनीपत के निफ्टम सहित प्रदेश के पांच संस्थान उच्च शिक्षा में बेहतर आंके गए हैं। मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) सर्वे में जीजेयू हिसार को देश में 24वां और प्रदेश में पहला स्थान मिला। वहीं, एमडीयू रोहतक प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है और देश में 44वें स्थान पर है। पीजीआई रोहतक समेत प्रदेश के तीन अन्य शिक्षण संस्थान देश भर की टॉप 100 लिस्ट में अपना स्थान बनाने में कामयाब रहे।

केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को दिल्ली में टॉप 100 संस्थानों की सूची जारी की। एनआईआरएफ के तहत देश भर के शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग की गई थी। इसमें यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट संस्थानों समेत सभी को शामिल किया गया था। रैंकिंग फ्रेमवर्क में शैक्षणिक संस्थानों की टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज, रिसर्च प्रोफेशनल प्रेक्टिस एंड कोलाबारेटिव परफार्मेंस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच एंड इनक्लूसीविटी तथा पर्सेप्शन के मापदंडों को जांचा गया था। देश भर में बात करें तो जीजेयू हिसार 67.46 अंकों के साथ 24वें स्थान पर है तो वहीं प्रदेश में टॉप पर है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी इंटरप्रेटिशिप एंड मैनेजमेंट सोनीपत और गुड़गांव के दी नार्थ कैप यूनिवर्सिटी भी टॉप 100 लिस्ट में शामिल हुई।

> इस उपलब्धि के लिए स्टाफ और विद्यार्थी सभी बधाई के पात्र हैं। देश भर के टॉप 100 में शामिल होना गर्व की बात है। भविष्य में और अधिक समग्र प्रयासों से एमडीयू को प्रगति के नए क्षितिज की ओर ले जाया जाएगा। - **प्रो. बिजेंद्र कुमार पूनिया, वीसी एमडीयू।**

> जीजेयू की स्थापना हुए अभी 20 वर्ष ही हुए हैं, इतने कम समय में यह उपलब्धि पाना गर्व की बात है। यह विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सहयोग से ही हो संभव हो सका है। - **प्रो. टंकेश्वर कुमार, वीसी, जीजेयू, हिसार।**

## मैनेजमेंट श्रेणी में ये संस्थान टॉप 100 में शामिल

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट गुड़गांव | 77.44 | 11वां | प्रथम |
| आईआईएम रोहतक | 72.37 | 19वां | दूसरा |
| लिंगाया यूनिवर्सिटी फरीदाबाद | 58.38 | 40वां | तीसरा |
| यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट कुरुक्षेत्र | 53.33 | 48वां | चौथा |
| नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र | 58.89 | 48वां | प्रथम |

इंजीनियरिंग श्रेणी में मात्र एक संस्थान टॉप 100 में शामिल

| संस्थान | रैंक | देश में स्थान | प्रदेश में स्थान |
|---|---|---|---|
| जीजेयू हिसार | 67.46 | 24वां | प्रथम |
| एमडीयू रोहतक | 61.31 | 44वां | दूसरा |
| निफ्टम सोनीपत | 60.44 | 50वां | तीसरा |
| पीजीआई रोहतक | 52.47 | 79वां | चौथा |
| नार्थकैप यूनिवर्सिटी गुड़गांव | 51.63 | 82वां | पांचवां |

---

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने जारी की शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग

# देश में 24वें और प्रदेश में टॉप पर जीजेयू, दूसरे स्थान पर एमडीयू

**रोहतक (ब्यूरो)।** हिसार की जीजेयू, रोहतक की एमडीयू और सोनीपत के निफ्टम सहित प्रदेश के पांच संस्थान उच्च शिक्षा में बेहतर आंके गए हैं। मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) सर्वे में जीजेयू हिसार को देश में 24वां और प्रदेश में पहला स्थान मिला।

वहीं, एमडीयू रोहतक प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है और देश में 44वें स्थान पर है। देश के समस्त विश्वविद्यालयों में जेएनयू (स्कोर 86.45) को तीसरा स्थान दिया है जबकि डीयू को छठा स्थान (स्कोर 83.19) प्राप्त हुआ है। इंजीनियरिंग संस्थानों की श्रेणी में आईआईटी दिल्ली को चौथा स्थान (स्कोर 82.02) मिला है। विस्तृत पेज 4 और 9 पर

अमर उजाला
5/4/16

# गुजवि को 24वां रैंक मिलना गर्व की बात : कुलपति

हिसार/05 अप्रैल/रिपोर्टर

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने अपने गौरवपूर्ण इतिहास की एक और बड़ी सफलता हासिल की है। नेशनल इंस्टीच्यूशंस रेंकिंग फ्रेमिंग, मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डिवैल्पमैंट द्वारा विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा ग्रहण करवा रहे विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में देशभर में 24वां स्थान दिया गया है। चंडीगढ़ यूनियन टेरीटोरी को छोड़कर हरियाणा राज्य, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व जम्मू एंड कश्मीर राज्यों में गुजवि पहले स्थान पर रहा है। यह रेंकिंग मानव संसाधन मंत्री स्मृति इरानी द्वारा घोषित की गई। इस नेशनल रेंकिंग सिस्टम में देशभर के 3500 शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया था।



*हिसार: पत्रकारों से बातचीत करते गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का स्कोर 67.46 स्कोर रहा। निर्धारित मापदंडों के कई क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का स्कोर उससे ऊंचा रैंक प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों से काफी बेहतर रहा है। ग्रेजुएट आऊटकम केटेगरी में हमारे विश्वविद्यालय को 90.21 स्कोर मिला है जबकि टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्स केटेगरी में विश्वविद्यालय को 74.89 स्कोर मिला है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि लगातार तीन बार 'ए ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों के लिए यह गर्व की बात है। कुलपति ने कहा कि इस रेंकिंग से विश्वविद्यालय को यह जानकारी भी हो गई है कि हमें किन क्षेत्रों में और ज्यादा सुधार करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वे और ऊंचा रेंक प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि इससे हमें और अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिली है। आगे हम और अधिक बेहतर कार्य कर और बड़ी सफलताएं प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

नभछोर - 5/4/16

# गुजवि हरियाणा ही नहीं पंजाब-हिमाचल में भी टॉप स्थान पर

- शिक्षण संस्थानों में गुजवि को देशभर में 24वां स्थान दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उतराखंड और जम्मू कश्मीर राज्यों में प्रथम रैंक पर है। नेशनल इंस्टीटयूशन्स रेंकिंग फ्रेमिंग, मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डिवल्पमेंट द्वारा उच्च शिक्षा ग्रहण करवा रहे विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में गुजवि को देशभर में 24वां स्थान दिया गया है। यह बात गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उन्होंने बताया कि यह रेंकिंग मानव संसाधन मंत्री स्मृति इरानी द्वारा घोषित की गई। इस नेशनल रेंकिंग सिस्टम में देशभर के 3500 शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया था। गुजवि का स्कोर 67.46 स्कोर रहा। ग्रेजुएट आऊटकम केटेगरी में विवि को 90.21 स्कोर मिला है। टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्स केटेगरी में विवि को 74.89 स्कोर मिला है। 'रिसर्च प्रोफेशनल्स प्रेक्टिस एंड कोलेबोरेटिव परफोर्मेंस में विवि को 75.84 स्कोर मिला है जो देशभर में 15वां है।

## ऐसे हुआ एनालिसिस

इंफ्लीबनेट, अहमदाबाद के डाटा एनालसिस के आधार पर एनआईआरएफ ने यह रेंक विवि को दिया है। यूजीसी, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बैंगलूरू, नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टैक्नीकल एजुकेशन एनालसिस से जुड़े। इसके अलावा स्वतंत्र पार्टीज जैसे स्कॉपस, एलसवियर थॉमसन रियूटर्स व इंडियान वैब ऑफ साईंस इंडेक्स द्वारा डाटा वैद्यता का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त पीअर रिव्यू तथा 1.50 लाख प्रतिवादियों जिसमें कि भारत के 450 व्यापरिक एंट्रप्रिन्यूर शामिल थे के आधार पर एनआईआरएफ आधारित नेशनल रेंकिंग-2016 जारी किया।

हरिभूमि - 6/4/16

# गुरु जंभेश्वर विवि ने शोध कार्यों में देशभर में पाया 15वां स्थान

- प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दी जानकारी
- कहा, गुजवि ने पांच राज्यों के विश्वविद्यालयों को पीछे छोड़ा



गुजवि के कुलपति डा. टंकेश्वर कुमार पत्रकारों से बातचीत करते हुए

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सरकार के सर्वे में देशभर की 100 यूनिवर्सिटी में 24वां स्थान हासिल करने सहित एक और उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत रिसर्च प्रोफैशनल प्रेक्टिस एंड कोलेबोरेटिव परफोर्मेंस में देशभर में गुजवि 15वें स्थान पर रहा है। गुजवि ने हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर राज्यों के विश्वविद्यालयों को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह रैंकिंग मानव संसाधन मंत्री स्मृति इरानी द्वारा जारी की गई। इस नेशनल रैंकिंग सिस्टम में देशभर के 3500 शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया था।

मंगलवार को प्रेस कान्फ्रेंस में गुजवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस उपलब्धि को लेकर विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल है। कुलपति ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों को देते हुए बताया कि नेशनल इंस्टीट्यूशन रैंकिंग फ्रेमिंग, मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डेवलपमेंट द्वारा उच्च शिक्षा ग्रहण करवा रहे विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों का सर्वे किया गया है। इसमें गुजवि का स्कोर 67.46 रहा। कुलपति के अनुसार समानांतर विश्वविद्यालयों की तुलना में गुजवि देश में तीसरे स्थान पर है। ग्रेजुएट आउटकम केटेगरी में गुजवि को 90.21 स्कोर मिला है जबकि टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्स केटेगरी में विश्वविद्यालय को 74.89 स्कोर मिला है। रिसर्च प्रोफैशनल प्रेक्टिस एंड कोलेबोरेटिव परफोर्मेंस में विश्वविद्यालय को 75.84 स्कोर मिला है। इन्फ्लीबनेट, अहमदाबाद के डाटा एनालिसिस के आधार पर एनआइआरएफ ने यह रैंकविश्वविद्यालय को दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बगलूरू, नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन नई दिल्ली, ऑल इंडिया काऊंसिल फॉर टैक्नीकल एजुकेशन नई दिल्ली और अन्य स्वतंत्र पार्टीज जैसे स्कॉपस, एलसवियर थॉमसन रियूटर्स व इंडियान वैब ऑफ साइंस इंडैक्स द्वारा डाटा वैद्यता का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त पीअर रिव्यू और1.50 लाख प्रतिवादियों जिसमें कि भारत के 450 व्यापरिक एंटरप्रन्योर शामिल थे के आधार पर नेशनल रैंकिंग-2016 जारी की गई।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस रैंकिंग से विश्वविद्यालय परिवार की जिम्मेदारियां व उससे अपेक्षाएं और अधिक बढ़ गई हैं। रैंकिंग से विश्वविद्यालय को जानकारी हो गई है कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. नीरज दिलबागी व विश्वविद्यालय की एनआइआरएफ टीम को अच्छी रैंकिंग के लिए प्रभावकारी व दक्षतापूर्वक आंकड़े उपलब्ध करवाने के लिए बधाई दी।

गुजवि कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि इससे हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। भविष्य में हम इस स्थान को और ऊपर ले जाएंगे।

दैनिक जागरण - 6/5/16

# पांच राज्यों में जीजेयू नंबर वन

## कुलपति बोले- रैंकिंग में सुधार के लिए किया जाएगा प्रयास, देश में 24वां स्थान मिलने पर जीजेयू में मनाया जश्न

अमर उजाला ब्यूरो



हिसार। जीजेयू में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते कुलपति व अन्य।

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर ने कहा है कि देश भर में जीजेयू को 24वां स्थान मिला है। हमारा प्रयास रहेगा कि इस रैंकिंग में और सुधार किया जाए। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

कुलपति ने कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग फ्रेमिंग मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डेवलपमेंट की ओर से देश भर के 3500 शिक्षण संस्थानों में सर्वे किया गया था। हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व जम्मू एंड कश्मीर राज्यों में जीजेयू पहले स्थान पर रहा है। रैंकिंग मानव संसाधन मंत्री स्मृति ईरानी ने घोषित की। लगातार तीन बार ए ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों के लिए यह गर्व की बात है। विश्वविद्यालय में उत्सव का माहौल है। साथ ही इस रैंकिंग से विवि परिवार की जिम्मेदारियां व अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। इस रैंकिंग से विश्वविद्यालय को यह जानकारी भी हो गई है कि हमें किन क्षेत्रों में और ज्यादा सुधार करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में वे और ऊंचा रैंक प्राप्त कर सकें।

निर्धारित मापदंडों के कई क्षेत्रों में विवि का स्कोर उससे ऊंचा रैंक प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों से काफी बेहतर रहा है। कुलपति ने कहा कि ग्रेजुएट आउटकम कैटेगरी में हमारे विवि को 90 वां स्कोर मिला है।

टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्स कैटेगरी में विवि को 74वां स्कोर मिला है। रिसर्च प्रोफेशनल प्रैक्टिस एंड कोलेबोरेटिव परफोर्मेंस में विवि को 75वां स्कोर मिला है, जो देशभर में पंद्रहवां है।

आईक्यूएसी के निदेशक प्रो नीरज दिलबागी व विश्वविद्यालय की एनआईआरएफ टीम को अच्छी रैंकिंग उपलब्ध करवाने के लिए बधाई दी। कुल सचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि इससे रैंकिंग से अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिली है। आगे अधिक बेहतर कार्य कर इस रैंकिंग में आगे बढ़ेंगे।

### दीक्षांत के लिए राज्यपाल के पत्र का इंतजार

एक सवाल के जवाब में कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर ने कहा कि श्रीश्री रविशंकर को डायरेक्टर की उपाधि देने के बारे में राज्यपाल को पत्र भेजा गया है। उनकी ओर से अनुमति का इंतजार है। दीक्षांत समारोह की तारीख भी राज्यपाल की ओर से आनी है।

### जलेबी, पकौड़े से सेलिब्रेशन

इस मौके पर एक सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया, जिसमें टीचर्स, ऑफिसर, नॉन टीचिंग स्टाफ, स्टूडेंट्स को जलेबी और पकौड़े खिलाकर सेलिब्रेट किया। टीचर्स यूनियन ने जीजेयू के कुलपति को बधाई दी।

अमर उजाला - 6/5/16

आयोजन

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राज्यस्तरीय टेक्नीकल फेस्ट 'ओरबिटेक 2के16' प्रतियोगिता शुरू

# स्टूडेंट्स के बनाए रोबोट ने किया अतिथियों का स्वागत

भास्कर न्यूज | हिसार

गेट पर हेलो करते हुए दरबान तो देखें होंगे लेकिन जीजेयू में शुक्रवार को ऑडिटोरियम के गेट पर आने जाने वालों से हेलो करते हुए रोबोट नजर आया। ऑडिटोरियम के अंदर का दृश्य रंगों से बेहतर बना हुआ था। फर्श पर कहीं पोस्टर में रंग भरे जा रहे थे तो कहीं ताश के पत्ते नजर आ रहे थे। मौका था जीजेयू में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय टेक्नीकल फेस्ट 'ओरबिटेक 2के16' प्रतियोगिता का।

जीजेयू में विद्यार्थियों को अपनी योग्यता दिखाने के लिए ओरबिटेक 2के16 प्रतियोगिता के माध्यम से एक मंच प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में 8 और 9 अप्रैल को दो दिन में विभिन्न विषयों पर 45 प्रतियोगिता होनी है। कार्यक्रम विद्यार्थियों ने अपने स्तर पर जीजेयू प्रशासन के सहयोग से किया गया है। इसमें कई निजी कंपनी भी आर्थिक सहयोग दे रही है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम के उद्घाटन पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वीसी ने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस तथा इंजीनियरिंग विज्ञान के आविष्कारों का आधार बना हुआ है। हर पर बदलते युग में इलेक्ट्रॉनिक्स की बड़ी भूमिका है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी प्रो. दिनेश चुटानी और विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव दुल उपस्थित थे। शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्कैचिंग, थ्री डी पेंटिंग, माटी सजाओ, टैटू, कवर डिजाइन, टैकडम, एप्टीट्यूड, अंताक्षरी, भाषण, वाद-विवाद, सिचुवेशनल एक्ट, मेरी कहानी, कविता, आपकी संसद, रोबो रेस, एलएफआर, टग ऑफ वार, रोबोसोसर तथा रोला कोस्टर प्रतियोगिताएं हुईं।



जीजेयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रंगोली सजातीं छात्राएं।

## एक हजार विद्यार्थियों का हुआ पंजीकरण

ईसीई के विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव दुल ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एक हजार विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। इसमें मास्टर ऑफ मैथ में 112 विद्यार्थी पंजीकरण, एप्टीट्यूड टेस्ट में 248 विद्यार्थी, समूह चर्चा 72 विद्यार्थी, वाद-विवाद 61 विद्यार्थी, रोबो वार 10 टीम, रोबो सोसर 8 टीम, सेल्फी साइन 30 विद्यार्थी, डिबग दा कोड 30 विद्यार्थी, रु-बिक्स क्यूब 30 विद्यार्थी और सुडूको 40 विद्यार्थी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि निर्णायक मंडल 9 अप्रैल को प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 18 टीमों ने 18 रोबोट प्रस्तुत किए।

## जीजेयू में बनेगा रोबोटिक क्लब

'ओरबिटेक 2के16' प्रतियोगिता से जीजेयू कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने वहां यह घोषणा कर डाली कि विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए जीजेयू में अब रोबोटिक क्लब बनाया जाएगा। इस क्लब में विद्यार्थी अपनी खोजी प्रवृति को रूप दे पाएंगे। इसके अलावा शिक्षक भी अपने अंदर की किसी श्रेष्ठ गतिविधि को विकसित कर उसे बच्चों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को सिलेबस से बाहर की गतिविधियों में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे उसके सीखने के स्तर में भी वृद्धि होती है और कार्य में दक्षता आती है। जो उसे प्रतियोगिताओं में भी सफल बनाता है। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि वर्तमान समय में नव इंजीनियरों व वैज्ञानिकों को सोलर ऊर्जा तथा सुरक्षित पेयजल के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए। इस क्षेत्र में शोध की अनेक संभावनाएं हैं। इसे पूरे विश्व को लाभ होगा।

## जीजेयू : स्टूडेंट्स के बनाए रोबोट ने किया स्वागत



जीजेयू में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रोबोट से हाथ मिलाती छात्रा। खबर पेज-6 पर

दैनिक भास्कर - 9/4/16

# गुजवि में बनेगा रोबोलिटक क्लब: प्रो. टंकेश्वर

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रोनिक्स साइंस और इंजीनियरिंग आविष्कारों का आधार बना हुआ है। हर पर बदलते युग में इलेक्ट्रोनिक्स की बड़ी भूमिका है। वह इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सौजन्य से शुरू हुए दो दिवसीय राज्यस्तरीय टैक्नीकल फेस्ट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. दिनेश चुटानी और विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव दुल भी उपस्थित थे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अध्यापक को अपने अन्दर की किसी श्रेष्ठ गतिविधि को विकसित कर उसे बच्चों तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में रोबोटिक क्लब का गठन करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को सिलेबस से बाहर की गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेना चाहिए। कुलसचिव डॉ. पुंडीर ने कहा कि वर्तमान समय में इंजीनियरों व वैज्ञानिकों को सौर ऊर्जा और सुरक्षित पेयजल के क्षेत्र में काम करना चाहिए। इस क्षेत्र में शोध की अनेक संभावनाएं हैं।

प्रो. चुटानी कहा कि विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थी बहुत कुछ सीखेंगे और इस क्षेत्र में नई संभावनाओं की तलाश करेंगे। विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजीव दुल ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुल 45 विधाएं हैं जिसमें प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

- गुजवि में रोबोटिक्स पर दो दिवसीय फेस्ट का आगाज
- कहा, इलेक्ट्रोनिक्स साइंस और इंजीनियरिंग आविष्कारों का आधार

## ये हुई प्रतियो.गिताएं

शुक्रवार को पहले दिन पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्कैचिंग, थ्री डी पेंटिंग, माटी सजाओ, टैटू, कवर डिजाइन, टैकड्म एप्टिट्यूड, अंताक्षरी, भाषण, झूठा सच, वाद-विवाद, सिचुएशनल एक्ट, मेरी कहानी कविता, आपकी संसद, रोबोरेस, एफआरए ऑफ वार रोबोसोसर और रोला कोस्टर आदि प्रतियोगिताएं हुई।

## नव संवत पर गुजवि में किया हवन यज्ञ

हिसार : भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2073 के शुभ अवसर पर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पुराने आवासीय क्षेत्र स्थित बाल उद्यान में संस्कार भारती हिसार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के बाद हवन-यज्ञ किया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार रहे। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस दिन का भारतीय संस्कृति में बहुत अधिक महत्व है। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक सुरेन्द्रपाल, संस्कार भारती प्रदेश मातृशक्ति सहसंयोजिका गुरप्रीत सैनी, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रकाश अरोड़ा व दीपक कुमार ने भी अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष बृजलाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. एमएस तुरान, प्रो. हरभजन बंसल, सुरेश शर्मा, प्रो. पीकेजैना, प्रो. अम्ब्रीश पाण्डेय, प्रो. विक्रम कौशिक, पंकज शर्मा, शिशुपाल, मोहित कुमार, डॉ. सत्यवीर सिंह दलाल, सत्यपाल, दिनेश कुमार, सुशील ठकराल, कौशल कुमार, रवि राना, आनंद कुमार, आचार्य सन्तोष शास्त्री, कृष्ण कुमार, बलबीर वर्मा, प्रवीन, संजय, राजकुमार, कमलेश शर्मा, सुनीता शर्मा, कृष्ण, नीलम, सुशीला, डेजी मक्कड़, मंजू बाला, विशनदेवी, दीपीका, विमल आदि उपस्थित रहे।

## इंन्टरप्रन्योरशिप पर कार्यक्रम 11 को

हिसार : जी इंटरटेनमेंट इंटरप्राइजेज लिमिटेड व एस्सेल ग्रुप ऑफ कंपनी के प्रोमोटर डा. सुभाष चन्द्रा 11 अप्रैल को गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इन्टरप्रन्योरशिप के टिप्स देंगे। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की अधिष्ठाता व निदेशिका प्रो. उषा अरोड़ा ने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह आडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रम में डा. सुभाष चन्द्रा छात्रों को कई अहम जानकारियां देंगे। इस मौके पर प्रशांत, पुनित, अरविंद, साहिल, शुभम, अनुज, चिराग, गौरव, अंशुमन, सितेन्द्र व तरुण शामिल हैं।

दैनिक जागरण - 9/4/16

# रोबो रेस में पवन ने मारी बाजी

## दो दिवसीय ऑरबिटेक प्रतियोगिता का समापन

**अगले साल नेशनल स्तर पर आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता**

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** जीजेयू में चल रही दो दिवसीय ऑरबिटेक 2 के 2016' प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। समापन दिवस पर प्रतियोगिताएं शाम 7 बजे तक चली। जिसके बाद इलेक्ट्रॉनिक विभाग के चेयरमैन संजीव ढुल ने विजेता छात्रों को इनाम देकर सम्मानित किया।

समापन दिवस पर रोबोटिक्स के विजेताओं में से प्रत्येक छात्र को 2100 रूपये इनामी राशि के रूप में भेंट किये गए। इस अवसर पर चेयरमैन संजीव ढुल के साथ इलेक्ट्रॉनिक विभाग का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। संजीव ढुल ने इस अवसर पर कहा कि अगले साल नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा।

प्रतियोगिता के लिए 1500 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसमें पहले दिन आधी प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुईं। दूसरे दिन बाकी प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

इसमें विभाग के कुल 150 छात्रों द्वारा प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें रजिस्ट्रेशन से लेकर प्रतियोगिता के काफी महत्वपूर्ण कार्यों को स्वयं इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्रों ने संभाला। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जीजेयू के इलेक्ट्रॉनिक छात्रों के अलावा हिसार के ही ओम कॉलेज, बहल से बीआरसीएम कॉलेज, सिरसा के जेसीडी कॉलेज तथा पीपीआईएमटी व फरीदाबाद कॉलेज से भी छात्र प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पहुंचे। रोबो रेस प्रतियोगिता में पवन गोयल टीम, रॉडीज में उज्जवल टीम, डिक्लेमेशन में अभिषेक, झूठा-सच में नीतू, टेलीग्राफी में रितू, मेरी कहानी में गौरव, ग्रुप डिस्कशन में अभिषेक, रोबोवार में उत्तम, एटीट्यूड में देवेंद्र आदि ने प्रथम स्थान हासिल किया।



हिसार। जीजेयू में रोबोट प्रदर्शनी के दौरान गेम खेलते छात्र।

# 'ओरबिटेक-2 के 16' प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

## इलेक्ट्रॉनिक विभाग के छात्र संगठन राइज के विद्यार्थियों ने किया आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** जीजेयू में शुक्रवार को रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में 'ओरबिटेक-2 के 16' प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन कुलपति टंकेश्वर कुमार ने किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से इलेक्ट्रॉनिक्स छात्रों की अन्य प्रतिभाएं भी सामने आती हैं। इस अवसर कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने अपने वक्तव्य में कहा कि कहा कि वर्तमान में नव इंजीनियरों, वैज्ञानिकों को सोलर ऊर्जा और सुरक्षित पेयजल के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पुंडीर और डीन फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. दिनेश चुटानी और विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव ढुल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्कैचिंग, थ्री डी पेंटिंग, माटी सजाओ, टैटू, कवर डिजाइन, टैकडम, एप्टिट्यूड, अंताक्षरी, भाषण, झूठा सच, वाद-विवाद, सिचवेशनल एक्ट, मेरी कहानी, कविता, आपकी संसद, रोबो रेस, एलएफआर, टग ऑफ वार, रोबो सोसर और रोला कॉस्टर आदि प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जीजेयू के इलेक्ट्रॉनिक्स छात्रों के अलावा हिसार के ही ओम कॉलेज, बहल से बीआरसीएम कॉलेज, सिरसा के जेसीडी कॉलेज, पीपीआईएमटी और फरीदाबाद कॉलेज से भी छात्र प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे।

### 1500 छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

प्रतियोगिता के लिए 1500 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें पहले दिन विभिन्न विधाओं की आधी प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। दूसरे दिन बाकी प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। उसके बाद समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के रिजल्ट घोषित किए जाएंगे।

'ओरबिटेक-2 के 16' प्रतियोगिता का आयोजन जीजेयू के इलेक्ट्रानिक्स विभाग के बीटेक छात्रों द्वारा ही आयोजित किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स छात्रों द्वारा बनाया गए संगठन राइज के छात्र ही प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहे हैं। इसमें विभाग के कुल 150 छात्रों द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें रजिस्ट्रेशन से लेकर प्रतियोगिता के काफी महत्वपूर्ण कार्यों को स्वयं इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्र संभाल रहे हैं।





हिसार। जीजेयू में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सौजन्य से शुरू हुए दो दिवसीय राज्यस्तरीय टेक्नीकल फैस्ट 'ओरबिटेक 2के16' में मॉडल देखते हुए। (बाएं) पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

अमर उजाला- 9/5/16

# जीजेयू वीसी ने मुख्यमंत्री को ड्राफ्ट सौंपा

- आंदोलन के दौरान पीड़ितों के लिए दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज. हिसार

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय को नेशनल इन्स्टीयूशन्स रैंकिंग फ्रेमिंग, मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डिवैल्पमैंट द्वारा देशभर में 24वां स्थान प्राप्त करने पर हर्ष जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीजेयू की यह उपलब्धि गौरवपूर्ण है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यमंत्री मनोहर लाल से शुक्रवार की सायं मिले थे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यमंत्री को हरियाणा में हुए आंदोलन के दौरान हिंसा का शिकार हुए पीड़ितों के पुनर्वास के लिए 5 लाख 29 हजार 570 रुपये की सहायता राशि का ड्राफ्ट सौंपा तथा इस रैंकिंग के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। यह राशि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों व गैरशिक्षकों ने एक दिन के वेतन के रूप में स्वैच्छिक भाव से दी थी। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस वित्त वर्ष के बजट में विश्वविद्यालय को सरकार से सहायता राशि के रूप में अपेक्षाकृत कम राशि मिलने को लेकर भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि भविष्य में विश्वविद्यालय को पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाएगी। सीएम के आश्वासन पर वीसी ने खुशी जताई।



हिसार। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सहायता राशि का ड्राफ्ट सौंपते कुलपति प्रो. टंकेश्वर।

हरिभूमि - 10/4/16

# सीएम ने गुजवि के रैंकिंग पर दी बधाई



सीएम को सहायता राशि का ड्राफ्ट सौंपते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

आज समाज नेटवर्क

हिसार। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिवार को नेशनल इंस्टीट्यूशन्स रैंकिंग फ्रेमिंग, मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डेवेल्पमेंट द्वारा देशभर में 24वां स्थान ...न करने पर बधाई दी ... मुख्यमंत्री ने कहा ... विवि की यह ...लब्धि गौरवपूर्ण है। ...श्वविद्यालय के ...लपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ...ख्यमंत्री मनोहर लाल से शुक्रवार सायं मिले थे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यमंत्री को हरियाणा में हुए आंदोलन के, दौरान हिंसा का शिकार हुए पीड़ितों के पुनर्वास के लिए पांच लाख, 29 हजार, 570 रुपये की सहायता राशि का ड्राफ्ट सौंपा तथा इस रैंकिंग के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। यह राशि विश्वविद्यालय के शिक्षकों व गैरशिक्षकों ने एक दिन के वेतन के रूप में स्वैच्छिक भाव से दी थी। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय द्वारा देशभर में 24वां स्थान पाने पर काफी खुश थे।

**■ हिंसा के पीड़ितों के पुनर्वास के लिए पांच लाख, 29 हजार सौंपे**

आज समाज - 10/4/16

## जीजेयू के वीसी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिए 5 लाख

हिसार। जाट आरक्षण आंदोलन में हिंसा के शिकार हुए पीड़ितों के पुनर्वास के लिए जीजेयू ने 5 लाख 29 हजार 570 रुपये की सहायता राशि का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हिसार में आयोजित रैली पहुंचे थे। रैली के बाद जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें सहायता राशि का ड्राफ्ट सौंपा। यह राशि जीजेयू के शिक्षकों और गैर शिक्षकों ने दी। जीजेयू कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जीजेयू को नेशनल इन्स्टीट्यूशन्स रैंकिंग फ्रेमिंग, मिनिस्ट्री ऑफ रिसोर्स डेवलेपमेंट की ओर से देशभर में 24वां स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जीजेयू को इस वित्त वर्ष के बजट में विश्वविद्यालय को सरकार की ओर से सहायता राशि के रूप में अपेक्षाकृत कम राशि मिलने को लेकर भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय को पर्याप्त सहायता दी जाएगी।

दैनिक भास्कर - 10/4/16

## गुजवि के सभी कार्यालयों में लगेगी बाबा साहब की फोटो

# अंबेडकर पूरी दुनिया के हीरो : प्रो. टंकेश्वर

हरिभूमि न्यूज. हिसार

डा. भीमराव अंबेडकर राष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के हीरो हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए एक महान मुकाम को छुआ, जो दुनिया में अनूठी मिसाल है। यह बात गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डा. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य पर अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट द्वारा

■ अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब जैसे महान नायकों से सम्बंधित दिवसों को हम सबको मिलकर मनाना चाहिए।

यह महानायक जाति, धर्म, वर्ग या सम्प्रदाय के नहीं बल्कि पूरी मानव जाति व राष्ट्र के नायक हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी वर्षों में बाबा साहेब के जन्मदिन पर विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



हिसार। कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो: हरिभूमि

साथ ही उन्होंने इस अवसर पर बाबा साहेब की एक फोटो का अनावरण भी किया तथा कहा कि बाबा साहेब की फोटो विश्वविद्यालय के कार्यालयों में लगाई जाएगी। मुख्य वक्ता दलबीर भारती ने कहा कि बाबा साहेब ने सम्पूर्ण मानव जाति में समानता और एकता स्थापित करने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा से प्राप्त ज्ञान को केवल रोजी-रोटी के लिए नहीं बल्कि समाज व देश में बदलाव लाने के लिए किया। सामाजिक एकता के बिना राजनीतिक लोकतंत्र कामयाब नहीं होगा। कुलसचिव अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि डा. बीआर अम्बेडकर पूरी दुनिया को यह समझाने में कामयाब रहे कि शिक्षा ही एक ऐसा कारगर हथियार है जिससे व्यक्ति किसी भी ऊंचाई को छू सकता है। अम्बेडकर स्टूडेंट फ्रंट के अध्यक्ष मनदेव ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन लाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। इस अवसर पर छात्र दीपक को सम्मानित किया गया। मंच संचालन स्वाति ने किया।

### डा. बीआर अंबेडकर के नाम पर हो लाइब्रेरी

अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट की ओर से कुलपति को ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का नाम डा. बीआर अंबेडकर पुस्तकालय रखने की मांग की गई। इसके अलावा विश्वविद्यालय में डा. बीआर अंबेडकर चेयर स्थापित करने की मांग की गई। कुलपति ने इन मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

### शिकायतों के लिए लिंक

वीसी ने अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थियों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए विवि की वेबसाइट पर स्थापित किए गए एक लिंक का उद्घाटन भी किया। कंप्यूटर सैंटर के हैड मुकेश ने बताया इस लिंक पर शिकायत दर्ज कराने वाले विद्यार्थी को उसकी शिकायत दर्ज होने की सूचना उसके फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी मिलेगी।

हरिभूमि - 13/4/16

# छात्र अपनी समस्याएं बता सकेंगे वैबसाइट पर

हिसार, 13 अप्रैल (निस) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि डा. भीमराव अम्बेडकर एक महामानव के रूप में धरती पर आए। आने वाली पीढ़ियां उन्हें और अधिक आदर व सम्मान से याद करेंगी। उन्होंने विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थियों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर स्थापित किए गए एक लिंक का उद्घाटन भी किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंति के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर



सिंह सभागार के सेमीनार हाल-1 में अम्बेडकर स्टूडेंट फ्रंट के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत आईपीएस डा. दलबीर भारती थे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने की। डीएन कॉलेज के प्राध्यापक डा. महेन्द्र सिंह कार्यक्रम में वक्ता के रूप में तथा अम्बेडकर स्टूडेंट फ्रंट के अध्यक्ष मनदेव मुख्य आयोजनकर्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहे।

पाठक पक्ष - 13/4/16

**सौगात** | आगामी सैशन में टीचिंग ब्लॉक-8 का काम शुरू हो जाएगा, बजट में रखा प्रावधान

# गुजवि में बनेगा नया टीचिंग ब्लॉक-8

यशपाल सिंह . हिसार



गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में आगामी सैशन से नए टीचिंग ब्लॉक-8 का काम आरंभ हो जाएगा। नया ब्लॉक शैक्षणिक खंड-7 के निकट बनाया जाएगा। इसकी शुरूआती लागत के लिए विवि के बजट में करीब 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टीचिंग ब्लॉक का काम करीब दो वर्ष में पूरा होगा। जरुरत पड़ने पर बजट में बढ़ोतरी भी की जा सकती है।

टीचिंग ब्लॉक बनाने के लिए पहले आर्किटेक्ट से इसका डिजायन तैयार करवाने का काम किया जाएगा। गुजवि में फिलहाल सात शैक्षणिक खंड बने हैं। जहां अलग-अलग विभागों की कक्षाएं व लैब चल रही हैं। विवि में कुछ समय से नए ब्लॉक के लिए डिमांड उठ रही थी। कैमेस्ट्री, फिजिक्स और मैथ आदि विभागों को नए टीचिंग ब्लॉक में शिफ्ट किया जा सकता है। जिन ब्लॉक में ये विभाग चल रहे हैं वहां लैब की दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि सीआईएल लैब का काम भी पूरा होने वाला है, जिसके बाद इस तरह की समस्याएं कम हो जाएंगी।

## नए कोर्स भी करने हैं शुरू

गुजवि प्रशासन का प्रयास है कि विवि में बैचलर कोर्सिस भी आरंभ किए जाएं। इसके साथ ही डयूल डिग्री सिस्टम आरंभ करने का भी प्लान है। जिसके तहत पांच वर्षीय एमएससी मैथ, फिजिक्स, कैमेस्ट्री और साइक्लॉजी आदि कार्यक्रम शुरू करने की योजना है। इसी सत्र से विवि में पैकेजिंग का कोर्स भी शुरु किया जाना है। इसलिए नए कोर्सिस के लिए कक्षाओं व लैब के लिए जरुरत होगी। नया टीचिंग ब्लॉक इन्हीं जरुरतों को पूरा करने के लिए बनाया जा रहा है।

## स्विमिंग पुल का बनेगा डिजाइन

गुजवि में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल का काम भी जल्द ही आरंभ हो सकता है। पूल के लिए आर्किटेक्ट से डिजायन तैयार करने का काम करवाया जा रहा है। डिजायन तैयार होने के बाद पूल का काम आरंभ हो सकता है। विवि को स्विमिंग पूल बनाने के लिए यूजीसी से करीब अढ़ाई करोड़ रुपये की ग्रांट मिली है। पूल पर इससे ज्यादा खर्च आएगा। यह स्विमिंग पूल ओलंपिक साइज का होगा।

## पांच करोड़ का प्रावधान



*नए टीचिंग ब्लॉक-8 का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बजट में पांच करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। नए सत्र में इसका काम आरंभ हो सकता है।*

*-प्रो. टंकेश्वर कुमार*
*कुलपति, गुजवि*

हरिभूमि - 14/4/16

---

**जीजेयू** | हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस प्रशासन ने मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाया

# एमबीए-एमकॉम विद्यार्थियों के लिए भी पीटीएम

भास्कर न्यूज़ | हिसार

अभी तक विद्यालय स्तर पर ही शिक्षक अभिभावकों को स्कूल में बुलाकर बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट दिया करते थे। अब मास्टर डिग्री करने वाले विद्यार्थियों की भी क्लास लगने लगी है। जीजेयू के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) ने यह निर्णय लिया है कि हर सेमेस्टर में विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाकर विद्यार्थियों की प्रोग्रेस रिपोर्ट उन्हें सौंपेंगे। उन्हें उनके बच्चों के बारे में सारी जानकारी दी जाएगी।



एचएसबी ने फैसला लिया कि हर विद्यार्थी के अभिभावक को इस बारे में बताया जाए कि उनके बच्चों की कितनी हाजिरी है। पढ़ाई करते हैं या नहीं। वर्तमान में उनकी स्थिति क्या है और उनकी रुचि पढ़ाई के अलावा खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रम में कितनी है। इन सब बातों का रिकॉर्ड अभिभावकों को दिया जाएगा

## मीटिंग में आए 50 अभिभावक

एचएसबी ने इस वर्ष प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के अभिभावकों को 11 और 12 अप्रैल को बुलाया। इसमें 50 अभिभावक ही बैठक में पहुंचे। एचएसबी में 180 सीटें एमबीए प्रथम वर्ष और 40 सीटें एमकॉम प्रथम वर्ष में हैं। कुल 440 विद्यार्थियों में से 50 के अभिभावक बैठक में पहुंचे। जिन्हें उनके बच्चों की रिपोर्ट सौंपी गई। शुरुआती दौर में अभिभावकों का रुझान कम ही दिखा।

## गैरहाजिरों की लगेगी क्लास

एचएसबी ने फैसला लिया है कि जो विद्यार्थी दाखिले के बा कक्षा में कम आए हैं या गैरहाजिर हैं, इसके अलावा जो दाखिले के बाद पढ़ाई में ध्यान न दे रहे हैं उनके अभिभावकों को चिट्ठी भेजकर बुलाया जाएगा। फिर भी नहीं आए तो फोन व बुलाएंगे, लेकिन बुलाया जरूर जाएगा, ताकि उन्हें उनके बच्चों के बारे में बताया जा सके। यदि उनके विद्यार्थी की कोई समस्या है तो उसका समाधान किया जा सके। अभिभावक उ लापरवाही का कारण जरूर पूछेंगे। पढ़ाई में होशियार विद्यार्थियों के अभिभावक यदि बैठव नहीं आते हैं तो उन्हें बुलाने के लिए अधिक प्रयास नहीं किए जाएंगे।

## हर सेमेस्टर में बुलाई जाएगी पीटीएम

पिछले साल भी एक बार पेरेंट्स की बैठक बुलाई गई थी। इसका सकारात्मक परिणाम आया। इस बार फैसला लिया है कि हर सेमेस्टर में विद्यार्थियों के अभिभावकों को चिट्ठी भेजकर बैठक के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें विद्यार्थियों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। हमें नजर आया है कि मास्टर डिग्री की पढ़ाई के दौरान भी विद्यार्थियों की काउंसिलिंग के लिए यह जरूरी है।" -डॉ. ऊषा अरोड़ा, डीन, एच

दैनिक भास्कर - 14/4/16

# गुलमोहर, रजनीगंधा, लिली के फूलों से महक रहा जी

## कैंपस के अलग-अलग हिस्सों को हरियाली और फूलों के माध्यम से अलग पहचान दी जाए इस पर बागवानी विभाग दे रहा है विशेष ध्यान

पवन सरोवा | हिसार

सिटी ब्यूटीफुल की तर्ज पर अब जीजेयू कैंपस के पार्क कई बेहतरीन फूलों की वैरायटियों से और खूबसूरत नजर आ रहे हैं। शिक्षण संस्थान में यह बदलाव केवल हरियाली बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि कुछ मनोवैज्ञानिक प्रभावों को ध्यान में रखकर भी किया गया है। इससे पहले भी कैंपस में कुछ शिक्षक अपने स्तर पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए मुहिम चला चुके हैं। अब जीजेयू का बागवानी विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रहा है कि कैंपस के अलग-अलग हिस्सों को हरियाली और फूलों के माध्यम से अलग पहचान दी जाए।

### पौधे आम सोच खास

प्रशासनिक भवन से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक नीली गुलमोहर लगाई गई है। इसी तरह छात्रावास के पास गुलाब खिले हुए हैं। खेल मैदान क्षेत्र में बुगन बेल की कई वेरायटी इसे अलग पहचान दे रही है। इसी कड़ी में आवासीय क्षेत्र में पीले रंग को ज्यादा महत्व दिया गया है। वहीं रजिस्ट्रार व वीसी आवास के पास के क्षेत्रों में भी गुलाब के पौधों को तवज्जो दी गई है। हालांकि पेड़ पर ये फूल कुछ समय के लिए ही रहते हैं लेकिन इनका दृश्य देखने लायक होता है।



वीसी कार्यालय मार्ग से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक लगे नीले गुलमोहर के पेड़।

### चंडीगढ़ की तर्ज पर बन रहे हैं पार्क

जीजेयू में इन दिनों चंडीगढ़ की तर्ज पर फूलों के पार्क बनाए जा रहे हैं। इन पार्क की खूबसूरती देखने लायक है। विद्यार्थी, टीचर और बाहर से आने वाले सभी इन फूलों की खूबसूरती की तारीफ करते नजर आते हैं। चंडीगढ़ की तर्ज पर जीजेयू में वीसी कार्यालय से कुछ दूरी पर ही रोज गार्डन, फ्रेगरेंस गार्डन, बोगनवेलिया गार्डन बनकर तैयार है। विद्यार्थी भी इन पौधों के पास सैल्फी लेते नजर आते हैं।

### ये लगाए गए हैं फूलों के पौधे

विभिन्न रंगों के गुलाब, गैंदा, अमरेला, अमरबेल, नीली गुलमोहर, रजनीगंधा, कोचिया, गंफरीना, सिलिसिया, विनक, लिली, बोगनवेलिया और कोर्न सहित कई फूलों के पौधे लगाए गए हैं। इसमें फूलों की बेल को भी स्थान दिया गया है।

### जीजेयू को 2009 में मिल चुका है ग्रीन कैंपस अवॉर्ड

अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत ने कहा कि वर्ष 2009 में जीजेयू को ग्रीन कैंपस ऑफ दा ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया था। इसके बाद से जीजेयू ने हरियाली को ओर अधिक महत्त्व दिया। अब देश की बेस्ट यूनिवर्सिटी में जीजेयू को 24वां स्थान मिला है। इसके बाद तो जीजेयू ने कैंपस को फूलों की महक से महका दिया है। इस समय जीजेयू में कई फूलों के अलग गार्डन बनाए गए हैं। उनके नाम भी फूलों पर ही रखे गए हैं।

### हरियाली बढ़ाने के लिए कार्य जारी: वीसी

जीजेयू कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य ठीक रहता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। जीजेयू में हरियाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा।

अलग-अलग रंगों0 के फूलों का अलग-अलग महत्त्व है। जैसे जब हम सफेद फूल के नजदीक जाते हैं तो मन में शांति का अहसास होता है। उसी प्रकार हरे, गुलाबी और सफेद तीन ऐसे रंग हैं जो मन में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं। इसलिए हरे रंग के पौधे व गुलाबी और सफेद रंग के फूल को विशेष तवज्जो दी जाती है। अपने घर में भी फूलों को महत्त्व दें और कुछ समय उनके पास गुजारें, इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी।" डॉ. नरेंद्र गुप्ता, मनोविशेषज्ञ।

फूलों का मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव होता है। इसको लेकर यूएसए के एक मेडिकल कॉलेज में कई वर्षों तक रिसर्च भी हुई, जिसमें फूलों के प्रभाव की बात स्पष्ट हो गई। उन्होंने कहा कि सुबह जब पार्क में फूलों के पास जाते हैं तो मन में एक सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। त्वचा को सुंदर बनाने में भी फूल का उपयोग होता है।" डॉ. संदीप राणा, मनोविशेषज्ञ।

### गुलमोहर, रजनीगंधा, लिली के फूलों से महक रहा जीजेयू का कैंपस

हिसार | सिटी ब्यूटीफुल की तर्ज पर अब जीजेयू कैंपस के पार्क कई बेहतरीन फूलों की वैरायटियों से और खूबसूरत नजर आ रहे हैं। शिक्षण संस्थान में यह बदलाव केवल हरियाली बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि कुछ मनोवैज्ञानिक प्रभावों को ध्यान में रखकर भी किया गया है। इससे पहले भी कैंपस में कुछ शिक्षक अपने स्तर पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए मुहिम चला चुके हैं। अब जीजेयू का बागवानी विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रहा है कि कैंपस के अलग-अलग हिस्सों को हरियाली और फूलों के माध्यम से अलग पहचान दी जाए।

विस्तृत पेज-6 पर

दैनिक भास्कर- 16/4/16

---

**एक्सचेंज प्रोग्राम** | विदेशी यूनिवर्सिटीज में शैक्षणिक गतिविधियों के लिए शिक्षकों के साथ छात्रों को अवसर मिलेगा

# विदेशी विवि से ज्ञान लेंगे गुजवि टीचर

हरिभूमि न्यूज. हिसार

■ गुजवि प्रशासन ने मानव कल्याण विकास मंत्रालय को प्रपोजल भेजा

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी विदेशी यूनिवर्सिटीज में शैक्षणिक गतिविधियों के लिए जा पाएंगे। विवि की तरफ से ज्ञान प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाते हुए इसे मंजूरी के लिए मानव कल्याण विकास मंत्रालय में भेजा है।

एमएचआरडी से मंजूरी के बाद विवि विदेशी विवि से एक्सचेंज प्रोग्राम चला पाएगा। इसके तहत गुजवि के टीचर व विद्यार्थी दूसरे विवि में जाकर स्टडी कर पाएंगे, वहीं विदेशी विश्वविद्यालयों से भी विद्यार्थी शैक्षणिक टूर पर विवि में आ पाएंगे। ग्लोबल इन्सिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क ज्ञान के जरिए गुजवि अपने कैंपस में अंतरराष्ट्रीय फेकल्टीज और स्टूडेंटस के लिए रास्ते खोलेगी। जिसके बाद विवि में अंतरराष्ट्रीय विवि से शिक्षक आकर लेक्चर दे पाएंगे। ज्ञान का उद्देश्य विवि के शिक्षक और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय विवि से जोड़ना है। इसके अतिरिक्त भारतीय इंडस्ट्रीज के एक्सपर्टस को भी इससे जोड़ा जाएगा।




### एमएचआरडी को पत्र भेजा

*ज्ञान की अप्रूवल के लिए एमएचआरडी को पत्र भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद विवि के शिक्षक व विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय विवि से ज्ञानवर्धन कर पाएंगे।*

*-प्रो. टंकेश्वर कुमार*
*कुलपति, गुजवि*

हरिभूमि - 17/4/16

# जीजेयू के छात्र सुधेश करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



हिसार (ब्यूरो)। जीजेयू के स्वयंसेवक सुधेश पूनिया इंटरनेशनल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सुधेश पूनिया मालदीव में होने वाले 'इंटरनेशनल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम' में भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सुधेश पूनिया को बधाई दी है। कार्यक्रम में भारत से 45 युवाओं का चयन किया गया है, जिनमें से सुधेश पूनिया हरियाणा प्रदेश से चयनित होने वाले इकलौते विद्यार्थी है। यह दल 22 से 29 अप्रैल तक मालदीव के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेगा तथा वहां के राष्ट्रपति से भी मुलाकात करेगा।

अमर उजाला 22-4-2016

---

**अर्थ-डे पर विशेष** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की सार्थक पहल, 7 साल में बचाये 100 पेड़

# ट्रांसप्लांट करके पेड़ों को दोबारा से दी जिंदगी

कुमार मुकेश/हप्र
हिसार, 21 अप्रैल

निर्माण कार्यों के आड़े आने पर जहां एक तरफ दुनियाभर में हर वर्ष 6 करोड़ पेड़ काट दिये जाते हैं, वहीं भारत में ऐसे भी संत हुए हैं, जिन्होंने पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राणों तक की आहूति दे दी। पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूक करने वाले संत गुरु जंभेश्वर महाराज के नाम पर बने गुरु जंभेश्वर विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के निर्माण विभाग की बागवानी शाखा उन्हीं के नक्शे कदमों पर चल रही है। विभाग ने पिछले 7 वर्षों में 100 पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया और उन्हें कटने से बचाया।

**ऐसे हुई शुरूआत**

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष-1996 में 2 कमरों से हुई थी। इसके बाद यहां भवन तो बन गए लेकिन उनकी शोभा बढ़ाने वाले पेड़ बड़े नहीं हो पाए। ऐसे हालात में वर्ष-2009 में नेशनल एक्रीडिएशन काउंसिल की टीम का विवि में दौरा आयोजित किया गया। उनके स्वागत की तैयारियों में विवि जुटा हुआ था, सबकुछ ठीक था लेकिन भवनों की शोभा बढ़ाने वाले पेड़ नहीं थे। ऐसे में विवि प्रशासन के निर्माण विभाग के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता (अब अधीक्षक अभियंता) अशोक अहलावत की विवि के जंगलों में दीमक की चपेट में आ रहे और सड़क निर्माण में आड़े आ रहे खजूर के पेड़ों पर नजर पडी। उन्होंने भवनों के सामने पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने ट्रांसप्लांट विधि पर अध्ययन किया और 19 मार्च, 2009 को 25 से 30 साल पुराने खजूर के 18 पेड़ों को ट्रांसप्लांट कर दिया गया। पहले प्रयास में 80 प्रतिशत सफलता मिली। 18 में से 15 पेड़ ट्रांसप्लांट के बाद फिर से हरे-भरे हो गए। 20 सितंबर, 2009 को फिर से यह कार्य शुरू किया। अब जब भी कोई नया भवन तैयार होता है उसके पास पेड़ों को काटने के बजाये उन्हें ट्रांसप्लांट किया जाता है। अब तक 100 पेड़ ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं, जिनमें खजूर के 95, बरगद का एक और अर्जुन के 4 पेड़ शामिल हैं।



हिसार में गुरु जंभेश्वर विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में खजूर के पेड़ को ले जाते कर्मचारी। -हप्र



हिसार में गुरु जंभेश्वर विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पेड़ों के ट्रांसप्लांट के बाद का दृश्य। -हप्र

**ऐसे होता है ट्रांसप्लांट**

जिस पेड़ को ट्रांसप्लांट करना होता है, पहले उसके चारों तरफ गड्ढा खोदकर उसकी फैली जड़ों को काट दिया जाता है, फिर उसे रेत से भर देते हैं, फिर लंबे समय तक उसमें पानी डाला जाता है। जब उसमें नयी जड़ें निकल आती हैं तो उनको बोरियों से ढककर पेड़ को उखाड़कर दूसरी जगह प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। जिस जगह पेड़ को प्रत्यारोपित किया जाता है, वहां भी रेत का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि रेत में जड़ें जल्दी निकलती हैं।

**गुरु जंभेश्वर के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास**



अशोक अहलावत

विवि के अधीक्षण अभियंता अशोक अहलावत ने बताया कि हम गुरु जंभेश्वर महाराज के पदचिन्हों पर चलने की कोशिश करते हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम कोशिश कर रहे हैं। गुजवि के कुलपति डॉ. टंकेश्वर ने बताया कि पेड़ों के ट्रांसप्लांट का काम लंबे समय से चल रहा है और भविष्य में भी चलता रहेगा। इस बार अर्थ डे पर 22 अप्रैल को विवि एनर्जी सेविंग पर काम करेगा।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर

दैनिक ट्रिब्यून 22-4-2016

## केयरिंग मदर अर्थ कार्यक्रम आज

हिसार (सिया): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर 'केयरिंग मदर अर्थ' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमीनार हाल-1 में होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार होंगे। इस कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वान प्रो. के.सी. अरोड़ा मुख्य वक्ता होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रवीन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विषय से सम्बंधित पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स 22-4-2016

## जीजेयू में केयरिंग मदर अर्थ कार्यक्रम आज

हिसार। जीजेयू के पर्यावरण एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर 'केयरिंग मदर अर्थ' कार्यक्रम सुबह 10 बजे किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमिनार हॉल-1 में होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार होंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वान प्रो. केसी अरोड़ा मुख्य वक्ता होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे।

अमर उजाला 22-4-2016

## जीजेयू में केयरिंग मदर अर्थ कार्यक्रम आज

हिसार | जीजेयू में पर्यावरण एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर 'केयरिंग मदर अर्थ' कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमिनार हाल-1 में होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार होंगे। इस कार्यक्रम में प्रो. केसी अरोड़ा मुख्य वक्ता होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रवीन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विषय से संबंधित पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। प्रो. आर भास्कर कार्यक्रम के संयोजक सचिव होंगे।

दैनिक भास्कर 22-4-2016

## गुजवि में मदर अर्थ कार्यक्रम आज

हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस पर केयरिंग मदर अर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमिनार हाल-एक में होने वाले कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार होंगे। कार्यक्रम में प्रो. केसी अरोड़ा मुख्य वक्ता होंगे। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रवीन शर्मा ने बताया कि विषय से संबंधित पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। प्रो. आर भास्कर कार्यक्रम के संयोजक सचिव होंगे।

दैनिक जागरण 22-4-2016

# जीजेयू में प्रैक्टिकल के समय ही ऑनलाइन भरे जाएंगे अंक

अमर उजाला ब्यूरो



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में प्रैक्टिकल परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया का उद्‌घाटन करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अब प्रैक्टिकल परीक्षाओं के अंक भी ऑनलाइन भरे जाएंगे। जिससे परीक्षा परिणाम में पारदर्शिता बढ़ेगी और रिजल्ट घोषित करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रैक्टिकल परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया का मंगलवार को उद्‌घाटन किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर व परीक्षा नियंत्रक सुन्दरलाल सैनी भी उपस्थित रहे।

प्रैक्टिकल परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन भरने से संबंधित सॉफ्टवेयर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर लैब में कंप्यूटर सेंटर के हैड मुकेश अरोड़ा की देख-रेख में तैयार किया गया है। इस ऑनलाइन प्रक्रिया के शुरू होने के बाद प्रैक्टिकल परीक्षा के दिन ही प्रैक्टिकल अंकों को परीक्षक द्वारा ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। साथ ही उसी दिन विश्वविद्यालय की परीक्षा अंकों को डाउनलोड कर लेगी जिससे परीक्षा अंकों के आदान-प्रदान में होने वाली देरी का समय समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा अगले कुछ समय में आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को भी ऑनलाइन कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के हैड कंप्यूटर सेंटर मुकेश अरोड़ा ने बताया कि यह सॉफ्टवेयर विश्वविद्यालय के प्रोग्रामर्स की टीम द्वारा बिना किसी अतिरिक्त लागत के तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय. कंप्यूटराइजेशन पेपरलेस कार्यों को बढ़ावा देते हुए डिजिटल इंडिया अभियान के तहत काम कर रहा है।

अमर उजाला - 27/5/16

# जीजेयू में ऑनलाइन दर्ज होंगे प्रेक्टिकल के नंबर, परीक्षा के काम में आएगी तेजी

## कुलपति टंकेश्वर कुमार ने सॉफ्टवेयर का किया उद्घाटन

भास्कर न्यूज़ | हिसार



जीजेयू में सॉफ्टवेयर पर प्रेक्टिकल के नंबर को ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

जीजेयू में परीक्षा परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया और तेज हो गई है। साथ ही परीक्षा परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता और अधिक बढ़ेगी। अब विश्वविद्यालय के प्रेक्टिकल परीक्षाओं के अंक भी ऑनलाइन भरे जाएंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रेक्टिकल परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया का मंगलवार को उद्घाटन किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर और परीक्षा नियंत्रक सुंदरलाल सैनी भी उपस्थित थे। प्रेक्टिकल परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन भरने से संबंधित सॉफ्टवेयर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर लैब में कंप्यूटर सेंटर के हेड मुकेश अरोड़ा की देखरेख में तैयार किया गया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया न केवल विश्वविद्यालय की परीक्षा परिणाम प्रक्रिया को और अधिक सरल व तेज करेगी। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन प्रक्रिया के शुरू होने के बाद प्रेक्टिकल परीक्षा के दिन ही प्रेक्टिकल अंकों को परीक्षक द्वारा ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। साथ ही उसी दिन विश्वविद्यालय परीक्षा अंकों को डाउनलोड कर लेगा, जिससे परीक्षा के अंकों के आदान-प्रदान में देरी नहीं होगी।

दैनिक भास्कर - 27/5/16

# जीजेयू की अनोखी पहलः विद्यार्थियों को अब खेल-खेल में मिलेगी नौकरी

संदीप बिश्नोई

हिसार। हाईटेक जमाने में अब नौकरी पाने के लिए नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। बिल्ड एंपलाईज नामक एक कंपनी ने जीजेयू के विद्यार्थियों को उनकी एप में नॉलेजेबल गेम खेलने वालों को नौकरी देने का ऑफर दिया है। इस गेम से विद्यार्थियों की नॉलेज भी बढ़ेगी और उन्हें नौकरी का चांस भी मिलेगा। मतलब अच्छा गेम खेलने वालों को खेल-खेल में नौकरी मिल जाएगी।

दरअसल हाल ही में जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल में एक कंपनी ने विजिट किया है। कंपनी ने विद्यार्थियों को प्लेस्मेंट के लिए एक एंड्रायड एप दिया है। जिसमें विद्यार्थियों को गेम खेलना होगा। गेम खेलने वाले विद्यार्थियों को कंपनियां ऑनलाईन ऑब्जर्व करती रहेगी। उनका रिजल्ट कंपनी के पास स्टोरेज होता रहेगा। गेम में बनाए गए प्वाइंटस के आधार पर कंपनी विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर उन्हें साक्षात्कार के लिए चयनित करेगी। इस ऐप को अन्य विद्यार्थियों द्वारा भी डाऊनलोड किया जा सकता है।

मोबाईल एप में गेम खेलने से बढ़ेगी नॉलेज

बेहतर खेलने वालों को मिलेगी नौकरी

यह कंपनी का अपना तरिका है। वह ऐप के माध्यम से स्टूडेंटस का रिक्रुटमेंट करना चाहती है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा अवसर है।

प्रो. एसएस गर्ग, निदेशक, ट्रेनिंग एंड रिक्रुटमेंट सेल, जीजेयू।

## जीजेयू के चार लड़के ग्लोबल रैंक में

इस एप में गेम खेलने वाले जीजेयू के चार लड़के ग्लोबल रैंक में टॉप फाइव में है। इनमें से सीएससी का साहिल और आईटी का विद्यार्थी हितेश संयुक्त रूप से तीसरे रैंक पर है। वहीं सीएससी का नवीन चौथे और आईटी का गौरव पांचवें स्थान पर हैं। निर्धारित टारगेट पूरा होने पर टॉप रैंकर्स का चयन इंटरव्यू के लिए होगा।

## ऐसे काम करेगी एप

इस एप का नाम एम्पास है। इसमें तीन ऑप्सन होते हैं टैक्नोलॉजी, फाईनेंस और लरनींग स्पाईरल। इनमें से एक ऑप्सन स्लेक्ट कर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। विद्यार्थी अपने कोर्स में पसंदीदा विषय या लैंग्वेज के आधार पर इन ऑप्सनस को सिलेक्ट करके गेम खेल सकते हैं। इस दौरान सॉफ्टवेयर दूसरे ऑनलाइन कंपीटिटर को आपके सामने अटैच कर देगा। उसके बाद सॉफ्टवेयर आपसे प्रश्न पूछेगा। सभी प्रश्न आपके सिलेबस से संबधित होंगे। दस सेकेंड में उत्तर देना होगा।

जो पहले उत्तर देगा उसे 50 प्वाईंट मिलेंगे। बाद में उत्तर देने वाले को 40 अंक मिलेंगे। दस सेकेंड में उत्तर नहीं देने वाले को कोई अंक नहीं मिलेगा। उसके बाद दूसरा प्रश्न पूछा जाएगा। कुल दस प्रश्नों का राउंड होगा। जीतने वाले को 120 प्वाइंट अतिरिक्त मिलेंगे। एक दिन में अधिकतम दस राउंड खेल सकेंगे। एक लाख का स्कोर पहला टारगेट होगा। टॉप रैंक में कट ऑफ लगेगी। जिनसे कंपनी संपर्क कर उनका इंटरव्यू लेगी।

अमर उजाला - 27/4/16

# जीजेयू मशीनों के माध्यम से करेगा पर्यावरण संरक्षणः प्रो. टंकेश्वर कुमार

## पर्यावरण संरक्षण के लिए दो करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार करेगा जीजेयू

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू में मशीन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास किया जाएगा। इसके लिए जीजेयू दो करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार करेगा। प्रोजेक्ट के तहत पेड़ों को एक जगह से बिना किसी नुकसान के दूसरी जगह जड़ सहित लगाने की विशेषज्ञ मशीन लायी जाएगी। यह घोषणा जीजेयू के कुलपति टंकेश्वर कुमार ने जनसंचार प्रबंधन एवं तकनीकी विभाग व हरियाणा प्रेस फोटोग्राफर्स क्लब द्वारा जीजेयू में फोटो प्रदर्शनी के आयोजन पर की।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जो समाज में हो रहा होता है, वह आम जन तक तस्वीरों के माध्यम से पहुंचाने का काम प्रेस फोटोग्राफर करते हैं। प्रदर्शनी की तारीफ करते हुए कहा कि इस माध्यम से मीडिया से जुड़े फोटोग्राफर्स को अपनी कला दिखाने का मौका मिला है। कुलपति ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी फोटोग्राफर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक अश्वनी शैणवी और कुलसचिव अनिल कुमार पुंडीर ने भी प्रदर्शनी को सराहा। सीएमटी व डीन मीडिया स्टडीज प्रो. डॉ. प्रमो कुमार जेना ने कहा कि प्रदर्शनी प्रेस फोटोग्राफर्स की प्रतिभा को देख का मौका मिला। प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ तीन तस्वीरों को चुना, जिन्हें जनसंच विभाग में प्रदर्शित किया जाएगा।



जीजेयू के जनसंचार विभाग में चित्र प्रदर्शनी देखती टीचर व विद्यार्थी

दैनिक भास्कर - 29/4/16

# दो मंजिला बनेगा गुजवि का परीक्षा शाखा भवन

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के कार्यकाल में पहला भवन निर्माण का टेंडर जारी हुई। छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए परीक्षा शाखा को दो मंजिला बनाने का टेंडर किया गया है। दो मंजिला भवन के लिए अनुमानित खर्च एक करोड़ 80 लाख रुपये निर्धारित किया है। बता दें कि पिछले दो बजट से परीक्षा शाखा के विस्तार को शामिल किया जा रहा था। मगर, कई बड़े प्रोजेक्ट के चलते इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। वहीं इस साल कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं चल रहा। ऐसे में कुलपति ने इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है। गुजवि की परीक्षा शाखा ग्राउंड फ्लोर पर है। इसमें सीक्रेसी, एग्जाम व कंडक्ट ब्रांच चल रही है। तीन ब्रांच के पास सबसे ज्यादा काम है। दो या तीन कमरों को स्टोर के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

### इस प्रकार होगा नया भवन

अधिकारियों के अनुसार ग्राउंड फ्लोर की तरह ही पहली व दूसरी मंजिल को बनाया जाएगा। गुजवि प्रशासन चाहे तो तीनों ब्रांचों को अलग अलग मंजिल में शिफ्ट कर सकता है। चाहे तो ग्राउंड फ्लोर को स्टोर बनाकर तीन ब्रांचों को उपरी दो मंजिलों में शिफ्ट किया जा सकता है। उम्मीद है कि दो साल के अंदर इस काम पूरा कर लिया जाएगा। इस बारे में एसई अशोक अहलावत ने बताया कि परीक्षा शाखा की प्रथम व दूसरी मंजिल बनाने के लिए टेंडर मांगा गया है। भवन का एस्टीमेट 1.80 लाख रुपये रखा गया है।

# सेमिनार में करियर विकल्पों की जानकारी दी

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय कैरियर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभागों के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कैरियर काउंसिलिंग सेल के द्वारा आयोजित किया गया। सेल के निदेशक प्रो. वीके बिश्नोई ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभदायक रहा है।

कार्यक्रम के संचालक अंकुर सहगल ने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के यंग लीडरशिप प्रोग्राम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी लगातार तैयारी करें तो देश के श्रेष्ठ संस्थानों में अपने दाखिले ले सकते हैं।



गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैरिअर काउंसलिंग सेल के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। जागरण

# सिविल इंजीनियरिंग की डेटशीट नहीं की जारी

**• कॉलेज के छात्रों ने रजिस्ट्रार से की मुलाकात**

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जहां सिविल इंजीनियरिंग को शुरू करने की कवायद चल रही है। वहीं गुजवि से संबंधित कॉलेजों में चल रही सिविल इंजीनियरिंग ट्रेड के दो विषयों की डेटशीट ही जारी नहीं की गई है, जिससे परेशान छात्र हरियाणा स्टूडेंटस संगठन के बैनर तले रजिस्ट्रार से मिले। रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाएगा।

हरियाणा स्टूडेंटस संगठन के जिलाध्यक्ष सन्न दहिया व अन्य छात्रों ने बताया कि गुजवि से संबंधित सभी निजी कॉलेजों में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के 31 मई को फंडामेंटर ऑफ मैनेजमेंट की परीक्षा है। इसी दिन गणित तृतीय वर्ष का भी एग्जाम है। ऐसे में दोनों विषयों का एक ही दिन एग्जाम छात्र नहीं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सिविल इंजीनियरिंग के फ्लूयड मेकेनिक्स द्वितीय, सर्वेइंग टू की डेटशीट विवि प्रशासन की ओर से डेटशीट ही जारी नहीं की गई है। ऐसे में छात्रों को समझ नहीं आ रहा है कि वह कैसे तैयारियां करें।

# गुजवि के उप कुलसचिव खजाना राम हुए सेवानिवृत

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव खजाना राम की सेवानिवृति के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी रूम में समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने इस अवसर पर खजाना राम विश्वविद्यालय को दी गई सेवाओं की प्रशंसा की। समारोह में विश्वविद्यालय के गैरशिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के प्रधान राजबीर मलिक, प्रोक्टर प्रो. कर्मपाल, अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत, उप कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह व सहायक वेद प्रकाश आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 30/5/16